हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4
ठेका मजदूरों को बोनस देने के बजाय मिल रहा आश्वासन, इंटक ने आंदोलन की दी चेतावनीं




## खबर संक्षेप

### एडवेंचर चैंप एनआईसी में ऋचा का हुआ चयन



**कोरबा।** साहसिक शिविर का आयोजन धर्मशाला सेंटर हिमांचल प्रदेश में किया जा रहा है। जिसमें देश से एनएसएस स्वयं सेवक शामिल होंगे। एनएसस एडवेंचर चैंप उन स्वयं सेवकों के लिए एक अनोखा अनुभव है जो सामाजिक सेवा के साथ साथ रोमांचक बाहरी गतिविधियों में भी भाग लेना चाहते हैं। एनएसएस के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने और उत्कृष्ट कार्य हेतु एनएसएस स्वयं सेवकों का चयन किया जाता है। जिसमें प्रदेश से 20 रासेयो भाग लेंगे। इसी कड़ी में पीजी कॉलेज की छात्रा स्वयं सेविका ऋचा स्वर्णकार प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### सक्षम समूहों से अनुबंध के बाद भी नहीं लगी यूनिट

**कोरबा।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषित होने वाले बच्चों व महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण पूर्ण पोषण आहार समय पर मिले, इसके लिए बदलाव किया गया था। बदलाव के तहत इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के 6 जिलों में शुरू किया गया। इसमें एक कोरबा जिला भी शामिल है। यह काम वापस महिला समूहों को सौंपने के पीछे उन्हें सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना था। कोरबा जिले में 2589 आंगनबाड़ी केन्द्र 10 परियोजनाओं में संचालित हैं। सभी परियोजनाओं में एक-एक यूनिट स्थापित करने की प्रक्रिया वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ ही शुरू की है। सक्षम समूहों से अनुबंध भी हो चुका है, पर यूनिट नहीं लग पाई है। महिला एवं बाल विकास विभाग की डीपीओ ने अनुबंधित सक्षम समूहों को चेतावनी दी थी। इसके अनुसार सभी समूहों को 1 अक्टूबर तक हर हाल में अपने-अपने परियोजना में यूनिट लगानी थी। लेकिन इस चेतावनी का भी असर नहीं दिख रहा है, क्योंकि किसी भी परियोजना में यह यूनिट नहीं लग पाई है। जिससे कि वहां रेडी-टू-ईट का उत्पादन हो और क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में वितरण किया जा सके।

### मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं को कुत्ता ने काटा

**कोरबा।** कोरबा-पश्चिम कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर कॉलोनी में विगत दो दिन में बच्चे सहित चार महिलाओं को पागल कुत्ते ने काट लिया है। बताया जा रहा है कि महिलाएं सुबह गुरुद्वारा के सामने स्थित गार्डन गई हुई थी, इसी दौरान एक भूरे रंग के स्वान ने उन पर हमला कर दिया। इस घटना में एक महिला जमीन पर गिर गई, जिससे उसके हाथ और सीने को स्वान ने काटा डाला। वहीं शिव मन्दिर चौक में भी एक बच्चे को स्वान ने काटा है। विगत दो दिनों में अब तक चार लोगों को इस स्वान ने काट लिया है। इसकी सूचना स्थानीय पार्षद गीता गभेल को दी गई। वे पीड़ति महिलाओं से मिलने गई। इसके अलावा उन्होंने कुत्ते को पकड़ने निगम के अधिकारियों से भी बात की है।

## सोने चांदी के साथ इलेक्ट्रानिक और ऑटो मोबाइल सेक्टर पर टिका रहा बाजार

# धनतेरस पर 3 सौ करोड़ से अधिक के व्यवसाय से खिल उठा शहर का बाजार



सराफा बाजार में आभूषणों की खरीदी करती महिलाएं।



ऑटो सेंटर में ग्राहकों की लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेरस पर बाजार गुलजार रहा। खूब धन बरसा। लोगों ने जमकर खरीदारी की। सोने, चांदी के समान की बिक्री ज्यादा हुई। ऑटोमोबाइल सेक्टर में उछाल देखा गया। शुभ दिन पर शुभ मुहर्त में खरीदी करने लोगों की भीड़ ऊर्जाधानी के बाजार में सुबह से रही जो देर शाम तक दुकानों में देखी गई। स्थिति यह थी कि शहर के बाजार में ग्राहकों के भीड़ के कारण जाम की स्थिति भी निर्मित होते रही। इससे बचने के लिए लोग दोपहर में ही खरीदारी के लिए निकल पड़े थे। मार्केट के सभी क्षेत्रों में जिस तरह से खरीदारी हो रही थी उससे एक अनुमान खरीदारी का जो लगाया जा रहा है उसके अनुसार लगभग 3 सौ करोड़ का व्यवसाय धनतेरस के दिन हुआ है।

धनतेरस के दिन लोगों ने जमकर खरीदारी की। शाम को भीड़ से बचने लोग, दोपहर से ही बाजार में खरीदारी के लिए लोग पहुंच रहे थे। आम दिनों में दोपहर के समय शांत रहने वाला बाजार में लोगों की चहल पहल रही। टीपीनगर क्षेत्र में लोगों की भीड़ देखी गई। सोने, चांदी, बर्तन, कपड़े, फर्नीचर, दोपहिया व चारपहिया वाहन ,घरों में सजावट के समान सहित टेक्सटाइल्स दुकानों में लोगों की भीड़ रही। इस बार धनतेरस के लिए व्यापारियों ने काफी तैयारियां की थी। दुकानों में लोगों की जरुरत के अनुसार सामान भरा था। इधर पावर हाउस रोड, पुराना बस स्टैंड रोड, दर्री रोड, घंटाघर से निहारिका चौक तक सडक़ पर धनतेरस के मौके पर सुबह से ही चहल-पहल देखी गई। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानों में ग्राहकों की संख्या ज्यादा देखी गई। सडक़ किनारे लोग अपनी गाडिय़ां खड़ी कर सामान की खरीदी करते हुए देखे गए। एक अनुमान के अनुसार धनतेरस के मौके पर बाजार के हर क्षेत्र में खरीदारी होते रही। अनुमान के अनुसार सभी क्षेत्रों का कुल व्यवसाय लगभग 200 से 300 करोड़ रुपए का व्यवसाय होने जा रहा है। इलेक्ट्रानिक्स में 20 करोड़ से अधिक के कारोबार का अनुमान है। कपड़ा मार्केट में तीन करोड़, फर्नीचर में एक करोड़, बर्तन व कीचन मार्केट में एक करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है। हालांकि देर रात तक कारोबार जारी रहेगा। व्यापारियों का कहना है कि इस साल पिछले साल की तुलना में अच्छा कारोबार हुआ है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अधिक सामानों की हुई है।धनतेरस पर भगवान धनवंतरी की पूजा हुई। चिकित्सकों ने विधि विधान से पूजा की। सूख और समृद्धि की कामना की। कोरबा के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों में भी धनवंतरी की पूजा की गई।

### रविवार को रूप चर्तुदशी

दीपोत्सव के दूसरे दिन रविवार को रूप चर्तुदशी है। मान्यता है कि प्रातः काल सूर्योदय से पहले तेल लगाकर पत्तियां जल में डालकर स्नान करने से नरक से मुक्ति मिलती है। पूजा करने वाले लोग पापों से मुक्त हो स्वर्ग को प्राप्त करते हैं। शाम को दीपदान की प्रथा है जिसे यमराज के लिए किया जाता है। नरक चतुर्दशी, जिसे छोटी दीपावली भी कहते हैं। इसे छोटी दीवाली इसलिए कहा जाता है, क्योंकि दीवाली से एक दिन पहले रात के वक्त दीवाली की रात की तरह दीएं की रोशनी से रात के तिमिर को प्रकाश पुंज से दूर भगा दिया जाता है इस रात दीए जलाने की प्रथा के संदर्भ में कई पौराणिक कथाएं और लोक मान्यताएं हैं। एक कथा के अनुसार आज के दिन ही भगवान कृष्ण ने अत्याचारी और दुराचारी असुर नरकासुर का वध किया था और सोलह हजार एक सौ कन्याओं को नरकासुर के बंदी गृह से मुक्त कर उन्हें सम्मान प्रदान किया था।

### पटाखा बाजार हुआ गुलजार

दीवाली की शुरुआत के साथ ही पटाखे की दुकानों में रौनक दिखने लगी है। लाइसेंस प्राप्त पटाखा व्यवसायियों ने कोरबा के प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में 137 दुकानें लगाई है। उपनगरीय क्षेत्रों में भी पटाखा बाजार सज गया है। करीब 125 करोड़ रुपए के कारोबार होने की संभावना है। इस बार पटाखों में चायनीज पटाखों की वैराइटी नहीं है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पटाखों के दामों में 25 फीसदी की वृद्धि हुई है।

### ऑटो मोबाइल में दिखी चमक

धनतेरस के दिन सबसे ज्यादा ऑटोमोबाइल सेक्टर में खरीदी हुई। जीएसटी 2 का असर ऐसा हुआ कि लोग महंगी गाड़ी खरीदने में ज्यादा रुचि दिखाएं। इसका कारण यह था कि जितनी ज्यादा महंगी गाड़ी रहेगी उतना ही लाभ ग्राहकों को मिलेगा। अकेले ऑटो मोबाइल सेक्टर में जीएसटी 2.0 के कारण लगभग 200 करोड़ का व्यवसाय माना जा सकता है। हालांकि ऑटो मोबाइल सेक्टर में जीएसटी 2.0 लागू होते ही खदीदारी करने पहुंचने लगे। कुछ लोगों ने पहले ही गाड़ियों की खरीदी के लिए बुकिंग करा ली थी। जिसे आज धनतेरस के दिन घर लेकर गये। ऐसे भी ग्राहक मार्केट में थे जो बैंकिंग सुविधा का फायदा लेने के लिए अधिक दामों वाली चार पहिया गाड़ी की खरीदी की। इसके अलावा बाइक आटोमोबाइल में ग्राहकों की भीड़ देखी गई।

### रेत लोड ट्रैक्टर पलटा, चालक और हेल्पर दबे

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 के पास पुरेना टर्निंग में रेत से लोड ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में ड्राइवर और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से जेसीबी मशीन बुलाकर बाहर निकाला गया और तत्काल कटघोरा के सरकारी अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 12 एटी 0497 अहिरन नदी भैरोताल सुराकछार से रेत भरकर दीपका की ओर जा रहा था। पुरेना मोड़ पर ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया। इस दौरान वाहन के नीचे ड्राइवर संतोष कुमार चौहान उम्र 29 वर्ष पिता शंकर चौहान और हेल्पर राम चौहान पिता गणेश चौहान फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही बांकीमोगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को सीधा करवाया गया। ट्रैक्टर में दबे ड्राइवर और हेल्पर को बाहर निकला गया।

### घर घुसकर तोड़ फोड़ अपराध दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी दुर्गा पंडाल पथर्रीपारा निवासी राधिका देवी साह उम्र 37 वर्ष पति शैलेन्द्र साह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 17 अक्टूबर की शाम 7:30 बजे उसका पड़ोसी रोहित साह के द्वारा दारू की नशे में राधिका के घर आकर उसके घर का दरवाजा को लात से मारा तो दरवाजा खोली तब रोहित साह ने राधिका के पेट में लात मारा जिसकी शिकायत राधिका ने सिविल लाईन रामपुर में दर्ज करवाई थी। जब राधिका थाना से निकलकर रात्रि घर पहुंची तो देखा कि उसके घर का पूरा समान राधिका का पड़ोसी रोहित कुमार साह, रोशन, संतोष, और उसके पिता प्रेम कुमार साह, सब मिलकर घर में घुसकर राधिका घर को तोड़-फोड़ किया घर का समान इधर-उधर बिखरा एवं कुर्सी टूटा हुआ था।

# बिजली कर्मचारी महासंघ की चेयरमैन से द्विपक्षीय वार्ता, आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक में उपस्थित अधिकारी व अन्य।

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के द्वारा अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के दबाव में शुक्रवार को महासंघ के प्रतिनिधियों की विद्युत कंपनी के चेयरमैन से द्विपक्षीय वार्ता सम्पन्न हुई।

द्विपक्षीय वार्ता में अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के द्वारा 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा नियमितीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए विद्युत कंपनी के अध्यक्ष को विस्तार से अवगत कराया गया। जिस पर विद्युत कंपनी के अध्यक्ष रोहित यादव के द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में बताया गया कि महासंघ की अतिमहत्वपूर्ण मांग पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में राज्य सरकार के शीर्षस्थ अधिकारियों के द्वारा गंभीरता पूर्वक सकारात्मक निर्णय लेने के संबंध में सहमति बन गई है जिसे शीघ्र ही अनुमोदन हेतु शीर्ष कार्यालय प्रेषित कर दिया जाएगा। अनुमोदन प्राप्ति के पश्चात पुरानी पेंशन बहाली कर दी जाएगी। इसी प्रकार संविदा नियमितीकरण के मुद्दे पर महासंघ की ओर से समान काम समान वेतन की मांग करते हुए संविदा नियमितीकरण किए जाने जोर दिया गया। जिसके बारे में अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि संविदा नियमितीकरण प्रक्रियाधीन है, संविदा नियमितीकरण होने तक संविदा कर्मचारियों के वेतन में महासंघ के सुझावों पर सकारात्मक विचार कर निर्णय लेते हुए सम्मानजक वेतन बढ़ोत्तरी करने पर सहमति बनी। साथ ही संविदा कर्मचारियों को कैशलेश चिकित्सा, राष्ट्रीय अवकाश में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन भुगतान, ऑफ ड्यूटी मृत्यु पर परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति, सामूहिक दुर्घटना बीमा कराने और अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की भी सहमति बनी। बैठक में संघ की ओर से अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल, अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के उपमहामंत्री हरीश चौहान, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ संजय तिवारी, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिन्हा, कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन, संयुक्त महामंत्री शिवेंद्र केशव दुबे, कार्यालय मंत्री चेतनानंद दुबे और संविदा कर्मचारी संघ के महामंत्री कमलेश भारद्वाज उपस्थित रहे।वहीं प्रबंधन की ओर से चेयरमैन डॉ रोहित यादव, तीनों कंपनी के प्रबंध निदेशक, तीनों कंपनी के महाप्रबंधक (एच.आर.) सहित महाप्रबंधक (औद्योगिक सम्बन्ध) गोपाल खंडेलवाल एवं प्रबंधक अतुल कुमार तिवारी उपस्थित हुए।प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी के द्वारा कंपनी प्रबंधन की ओर से महासंघ के मांगों को पूर्ण किए जाने लिखित में पत्र मिलने के पश्चात समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए अनिश्चितकालीन धरना स्थगित करने की घोषणा की गई।

# एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के भूविस्थापित दीपावली पर करेंगे अनिशिचतकालीन भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के भूविस्थापित प्रभावित परिवारों ने अपनी भूमि के बदले रोजगार और मुआवजे की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। प्रदर्शन 20 और 21 अक्टूबर को जीएम ऑफिस के सामने मेन गेट पर बिना अन्न-पानी ग्रहण किए किया जाएगा।

भूविस्थापितों ने आरोप लगाया है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा पिछले 22 वर्षों से उनकी अधिग्रहित भूमि के बदले मिलने वाले रोजगार के लिए बार-बार गुमराह किया जा रहा है और झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं। उनका कहना है कि जानकारी मांगने पर भी उन्हें कोई सूचना नहीं दी जाती है, जिससे वे मानसिक और आर्थिक रूप से त्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा जमीन-जायदाद को गुमराह करके छीन लिया गया है, जिससे वे भूखे रहने पर मजबूर हैं और उनके बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। पीड़ित बसंती बाई बिंझवार सहित कुल 12 भूविस्थापितों ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (कटघोरा), थाना प्रभारी कुसमुंडा, तहसीलदार दर्री और स्थानीय विधायक को ज्ञापन सौंपकर अपनी स्थिति से अवगत कराया है। भूविस्थापितों ने एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक आग्रह किया है कि उनकी आर्थिक समस्याओं को देखते हुए उन्हें न्याय दिलाया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी भी दी है कि अगर हड़ताल के दौरान धरना प्रदर्शन में उनके जीवन के साथ कोई घटना घटित होती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र मुख्य महाप्रबंधक की होगी।




# आदेश पर भी नहीं हटे बीआरसी गुलाब दास के खिलाफ फिर मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड स्थित शिक्षा विभाग के बीआरसी गुलाब दास महंत को पिछले दिनों जांच के बाद हटाते हुए मूल पदस्थापना सिंघिया में काम संभालने कहा गया था। उनके हौसले इतने मजबूत हैं कि सरकारी आदेश को किनारे करते हुए वे अभी भी यहां पर जमे हुए हैं। इससे नाराज संकुल समन्वयकों ने कहा है कि अगर यही चलता रहा तो वे काम नहीं करेंगे और न ही कोई सहयोग करेंगे।

उन्होंने इस बारे में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा को विधिवत पत्र भेज दिया है। संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ की ओर से इस बारे में बीईओ को पत्र लिखा गया है। इसमें अविलंब बीआरसीसी महंत को हटाने की मांग की गई। कहा गया कि सरकार ने उसे यहां से हटाने के आदेश दिए हैं लेकिन अब तक कार्यमुक्त करने में पता नहीं क्यों रूचि ली जा रही है। याद रहे 26 सितंबर को शिक्षा विभाग मंत्रालय के द्वारा एक आदेश के तहत गुलाब दास को पोड़ी उपरोड़ा से हटाते हुए मूल पदस्थापना शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघिया के लिए पदस्थ किया गया। संगठन का कहना है कि इस आदेश का पालन अब तक नहीं कराया गया है। इस वजह से गुलाब दास की हरकतें जस की तस बनी हुई है। संगठन का कहना है कि यह स्वेच्छाचारिता के साथ-साथ मनमानी का जीता-जागता नमूना है। इससे संदेश जाता है कि बीआरसीसी जैसे लोग विभागीय अधिकारियों से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि अगर गुलाब दास महंत को यहां पर ही काम करना है तो उनके साथ कोई भी संकुल समन्वयक काम नहीं कर पाएगा, क्योंकि वे वसूली से त्रस्त हो गए हैं।

### बीईओ पांडेय की जांच रिपोर्ट पर हुई थी कार्रवाई

विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के अनेक संकुल समन्वयकों के द्वारा पिछले महीने एक विस्तृत शिकायत जिला प्रशासन और शिक्षा अधिकारी के पास की गई थी। इसमें कहा गया था कि विभिन्न कार्यों के नाम पर बीआरसीसी को रुपए चाहिए। कभी वे सीधी मांग करते हैं तो कभी दूसरे के जरिए। रुपए नहीं मिलने पर कई कार्यों में अड़ंगा लगाने की कोशिश भी करते हैं और धमकी देते हैं। इस शिकायत पर करतला विकासखंड शिक्षा अधिकारी संदीप पांडेय ने जांच की। शिकायतकर्ताओं के बयान लिए गए। जांच प्रतिवेदन सौंपे जाने पर कार्यवाही की अनुशंसा की गई। लेकिन अब तक नतीजे सिफर हैं।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कोरबा। रेशम तकनीकी सेवा केंद्र, केंद्रीय रेशम बोर्ड बिलासपुर द्वारा बुधवार को मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत डिंगापुर में एक विशाल जागरूकता कार्यक्रम सह क्रेता-विक्रेता मिलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। तसर रेशम उद्योग से जुड़े हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान किया।

### निधन

## श्रीमती सविता अग्रवाल



कोरबा। प्रोफेसर डॉ संतोष अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती सविता अग्रवाल (42 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहीं थीं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को उनके गृहग्राम रामपुर में किया गया। वे अपने पीछे पति व दो पुत्रियों सहित भरा परिवार छोड़ गईं। अंतिम यात्रा में परिवार समाज व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# दिवाली केवल दीप का पर्व नहीं, सत्य धर्म की विजय का प्रतीक : मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में भव्य प्री-दीवाली समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर दीपों की जगमग रोशनी और रंगोली की मनमोहक सजावट से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा विद्यालय ही प्रकाश पर्व की अनुभूति में डूब गया हो। इस वर्ष के उत्सव की विशेष थीम रामायण अच्छाई की बुराई पर विजय रही। छात्रों ने इस पौराणिक महाकाव्य को मंच पर सजीव कर दिया। भगवान श्रीराम, सीता माता, लक्ष्मण, और हनुमान जैसे पात्रों का सशक्त अभिनय करते हुए विद्यार्थियों ने मर्यादा, त्याग और आदर्शों का सजीव उदाहरण प्रस्तुत किया। नन्हें कलाकारों की प्रस्तुतियों ने न केवल दर्शकों का मन मोह लिया बल्कि उपस्थित जनसमूह को भारतीय संस्कृति के आदर्श मूल्यों से भी जोड़ दिया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात छात्रों द्वारा मनमोहक लोक नृत्य, समूह गीत, नाट्य मंचन और धार्मिक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने कहा कि दीवाली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं बल्कि यह आत्मज्ञान, सत्य और धर्म की विजय का प्रतीक है। जब हमारे विद्यार्थी रामायण के पात्रों के रूप में मंच पर आते हैं तो वे केवल अभिनय नहीं करते, बल्कि समाज को सच्चे मूल्यों की सीख भी देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान और नैतिकता का भाव जागृत करते हैं। उत्सव के दौरान विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, तोरण निर्माण प्रतियोगिता तथा दिया सजावट प्रतियोगिता जैसी अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। विद्यालय के सभी वर्गों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस अवसर का भरपूर आनंद उठाया।

### बिजनेस

## सबसे सस्ती डील ग्राहकों को उपलब्ध करा रहा टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स




कोरबा। टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर इस दीपावली में अपने ग्राहकों के लिए कई ऑफर लेकर आए हैं। टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक ने बताया कि ग्राहकों को दीपावली उत्सव एवं जीएसटी महाबचत उत्सव का लाभ दिया जा रहा है। जीएसटी टैक्स में कटौती से इलेक्ट्रॉनिक सामान के दाम अब काम हो गए हैं। ऑनलाइन से भी कम कीमत पर ब्रांडेड प्रोडक्ट्स टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अभी साल की सबसे सस्ती डील ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही है जिसमें मात्र 101 रुपए देकर ग्राहक अपने सामानों की बुकिंग कर सकता है ताकि त्योहार के दिन इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट या फर्नीचर उसके घर तक पहुंच सके। सभी सामानों पर निश्चित उपहार की सुविधा ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई गई है। ग्राहकों को फ्रिज 20 साल की वारंटी के साथ वाशिंग मशीन 10 साल की वारंटी के साथ एलइडी टीवी 3 साल की कंपनी वारंटी के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राहकों को अपने पुराने सामान के बदले उच्चतम एक्सचेंज ऑफर दिया जा रहा है। फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट में फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कंपनी के सारे ऑफर सीमित समय के लिए हैं इसलिए ग्राहक पहले सामान की बुकिंग कर ले और सारे ऑफर का लाभ ले सकते हैं। टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स में सभी ब्रांडेड कंपनी सोनी, एलजी, सैमसंग, लॉयड, वोल्टास, वर्लपूल, बीपीएल, टीसीएल, इंटेक्स, ब्लू स्टार, वर्ल्डटेक आदि कंपनियों के एलइडी टीवी, वाशिंग मशीन, वाटर प्यूरीफायर, इनवर्टर, बैटरी होम थिएटर, मिक्सर, ग्राइंडर, माइक्रोवेव ओवन, किचन चिमनी, डीप फ्रीजर आदि इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट उपलब्ध है संचालक ने ग्राहकों से इस दीपावली खरीदारी करने के लिए टिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स आने का आग्रह किया है।

## कपड़े के दाम घटे, पारीक फैशन दे रहा सीधा फायदा




कोरबा। विगत कई वर्षों से कपड़े के व्यवसाय में पारीक फैशन एक ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठान बना हुआ है। दीपावली अवसर पर पारीक फैशन अपने नए स्टॉक एवं सभी प्रकार की वैरायटी के साथ ग्राहकों के लिए तैयार है। पारीक फैशन के संचालक से मुकेश ने बताया कि सरकार ने हाल ही में टेक्सटाइल सेक्टर में जीएसटी रेट को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इसका सीधा असर अब मार्केट में दिखने लगा है कपड़ों के दाम पहले से कम हो गए हैं और इसका पूरा फायदा पारीक फैशन अपने ग्राहकों तक पहुंचा रहा है। अब पारीक फैशन में उपलब्ध ब्रांड्स जैसे मुफ्ती, क्रिम्सौने क्लब, नॉस्ट्रम और अन्य बड़े ब्रांड के कपड़ों की कीमतें अब पहले से 5 से 10 प्रतिशत तक कम हो गई हैं। वहीं जींस, शर्ट्स, टी-शर्ट्स या फॉर्मल वियर जो पहले एक हजार की आती थी, अब सिर्फ 900 से 950 रूपये में मिल रही है। अब जीएसटी रेट कट का फायदा ग्राहकों को सीधा मिल रहा है। कपड़ों की कीमतें पहले से कम हुई है, शॉपिंग हुई और आसान ब्रांडेड प्रोडक्ट अब और सस्ती हुए हैं जिससे लोकल व्यापार को नया उठाव मिला है। त्योहारी सीजन में पारीक फैशन पर नए कलेक्शन की रौनक है। अब ग्राहकों को फैशन और बचत, दोनों साथ मिल रहे है। मुकेश ने बताया कि दीपावली के त्यौहार में पिछले कुछ सालों से पारंपरिक कपड़ों की विशेष मांग बनी हुई है। बच्चे बड़े महिला एवं पुरुष सभी त्यौहार में पारंपरिक पोशाक की पहनना पसंद कर रहे हैं। उनकी मांग को देखते हुए हमने भरपूर स्टॉक और वैरायटी ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई है पारीक फैशन के संचालक मुकेश ने ग्राहकों से आग्रह किया है की दिवाली के खरीदारी करने एक बार पारीक फैशन अवश्य पधारे।

## खुशबू इलेक्ट्रॉनिक्स में फर्नीचर पर ग्राहकों को कई ऑफर उपलब्ध



कोरबा। वीआईपी रोड बुधवारी बाजार स्थित खुशबू इलेक्ट्रॉनिक्स में इस दीपावली इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर के प्रोडक्ट पर ग्राहकों को कई ऑफर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ऑफर के संबंध में खुशबू इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में एलइडी टीवी, एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मिक्सर ग्राइंडर, होम थिएटर, पार्टी स्पीकर, डीप फ्रीजर, माइक्रोवेव ओवन, वॉटर प्यूरीफायर उपलब्ध है। साथ ही सभी प्रकार के फर्नीचर सोफा, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल, सिंगल बेड, डबल बेड, अलमारी आदि उपलब्ध हैं। इस दीपावली ग्राहकों को खरीदी में ऑफर के साथ उपहार भी दिया जा रहा है। ग्राहक प्रत्येक खरीदी पर उपहार प्राप्त कर सकते हैं। ग्राहक एलइडी टीवी खरीदें तो उन्हें होम थिएटर फ्री में उपलब्ध कराया जा रहा है, सभी कंपनी के फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। अब हरदीबाजार छुरी गेवरा राजगामार भैंसमा बरपाली अब 25 किलोमीटर तक के ग्राहकों को भी फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ग्राहकों के पुराने सामान पर अधिकतम एक्सचेंज वैल्यू दिया जा रहा है। एलइडी टीवी पर 4 हजार रूपये वाशिंग मशीन पर 5 हजार रूपये, फ्रिज पर 5 हजार रूपये एवं एसी पर 11 हजार रूपये का एक्सचेंज वैल्यू ग्राहकों को दिया जा रहा है। ऑनलाइन से भी कम कीमत पर इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट एवं फर्नीचर खुशबू इलेक्ट्रॉनिक्स में उपलब्ध है। संचालक ने ग्राहकों से खरीदी के लिए एक बार खुशबू इलेक्ट्रॉनिक्स पधारने का आग्रह किया है।

## 39 वर्षों से विश्वास और शुद्धता की पहचानः वर्धमान ज्वेलर्स



कोरबा। शहर के सबसे विश्वसनीय और भव्य ज्वेलरी शो रूम वर्धमान ज्वेलर्स ने इस त्योहारी मौसम में ग्राहकों के लिए आकर्षक योजनाओं और शानदार नए कलेक्शन की पेशकश की है। साल 1987 से निरंतर ग्राहकों के विश्वास पर खरे उतरते वर्धमान ज्वेलर्स ने सोने और हीरे के नवीनतम डिजाइन पेश किए हैं, जो हर अवसर और पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। शुद्धता और गुणवत्ता को अपनी प्राथमिकता मानने वाला यह प्रतिष्ठान आज कोरबा ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी अपनी अलग पहचान बना चुका है। वर्धमान ज्वेलर्स के दोनों शोरूम-गीतांजलि भवन कोरबा और घंटाघर चौक निहारिका में ग्राहकों के लिए आकर्षक संग्रह, आधुनिक डिजाइनों की विस्तृत रेंज और भरोसेमंद दाम उपलब्ध हैं। इस शुभ अवसर पर वर्धमान ज्वेलर्स ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्राहकों को न सिर्फ सुंदर आभूषण देना है, बल्कि हर रिश्ते में विश्वास और खुशियों की चमक बनाए रखना है। वर्धमान ज्वेलर्स के संचालक कोमल जैन ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में ग्राहकों को स्वर्ण एवं रजत आभूषणों में जैसी शुद्धता वैसा दाम, पूर्ण पारदर्शिता के साथ, कस्टमर फ्रेंडली बाय बैक पॉलिसी के साथ, स्टोन्स, मोती व कुंदन का सही रेट ग्राहकों को प्रदान किया जा रहा है। वर्धमान ज्वेलर्स कोरबा शहर का सबसे बड़ा ज्वेलरी शोरूम लेकर आया है, जहां ग्राहको को मिलता है स्वर्ण रजतन एवं हीरे के आभूणों की विस्तृत रेंज, विशेष ऑफर के तहत गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 25 से 50 प्रतिशत की छूट ग्राहकों को दी जा रही है। सिल्वर ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। त्योहारी खरीदारी के लिए शहरवासी बड़ी संख्या में वर्धमान ज्वेलर्स का रुख कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### सरभोका के प्राथमिक शाला में नई सहायक शिक्षिका की हुई पदस्थापना

**कोरबा।** जिले के पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम सरभोका स्थित बसाहट मोहल्ले में संचालित प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षिका श्रीमती अंजुलता तंवर ने 16 जून को कार्यभार ग्रहण किया। श्रीमती तंवर के स्कूल में जुड़ने से बच्चों और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। यह विद्यालय वर्ष 1982-83 से संचालित है और वर्तमान में इसमें 45 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अधिकतर विद्यार्थी हसदेव बांगो बांध डुबान क्षेत्र के भू-विस्थापित गरीब परिवारों से आते हैं। पिछले दो वर्षों से यह विद्यालय एकलशिक्षकीय था, जिससे न केवल विद्यार्थियों बल्कि प्रधानपाठक त्रिभुज सिंह तंवर को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नई शिक्षिका की नियुक्ति से अब शिक्षण व्यवस्था में सुधार आया है और सभी ने राहत की सांस ली है। विद्यालय की छात्राएं कृषिका, एंजल, रोहित (कक्षा पांचवीं), आलिया, अविनाश (कक्षा चौथी) तथा बबीता (कक्षा तीसरी) ने बताया कि नई मैडम हमें बहुत अच्छे से पढ़ाती हैं। स्कूल में समय पर नाश्ता और दोपहर का भोजन भी मिलता है। ग्रामवासियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनके गांव के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी और विद्यालय का वातावरण पहले से अधिक सक्रिय हो गया है।

### लेमरू में कार्तिक अमावस्या दीपावली सेवा का हुआ आयोजन

**कोरबा।** पूज्य संत श्री आसारामजी बापू की प्रेरणा से महिला उत्थान मण्डल, युवा सेवा संघ एवं श्री योग वेदांत सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में 15 अक्टूबर को कार्तिक अमावस्या निमित दीपावली सेवा कार्य का आयोजन किया गया, इस आयोजन में सेवा और सद्भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। संत श्री आसारामजी बापू के शिष्यों ने कोरबा के सुदूर वनांचल क्षेत्र लेमरू के आदिवासी परिवारों के बीच पहुंचकर दीपावली के पावन अवसर हेतु दीया-बाती-तेल, मिठाई, पटाखे, जीवनोपयोगी वस्तुओं का वितरण किया। कार्यक्रम की रौनक तब और बढ़ गई जब कीर्तन की धुन पर लोग करताल के साथ झूमने लगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ममता देवांगन, रीता जगवानी, अनीता गुप्ता, लालिमा सिन्हा, प्रमिला साहू, संजू टंडन, खम्मन लाल साहू, धनेश देवांग, रामगोविन्द देवांगन, लोकचंद सिन्हा, मनीराम पटेल, अनिल पटेल, नारायण देवांगन, राजनाथ साहू सहित अन्य कई सेवाधारियों का योगदान था, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी भावना, पर्यावरण संरक्षण जैसे पंच परिवर्तन विषयों पर हुआ संवाद

# नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त पहल, सशिमं में मातृ संगम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमुंडा में बुधवार को नारी जागरण एवं सशक्तिकरण को समर्पित सप्तशक्ति मातृ संगम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति को सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती सोनी कुमारी विकास झा अध्यक्ष नगर पालिका बांकीमोगरा, श्रीमती प्रमिला दीदी पार्षद, गजरा एवं अध्यक्षता श्रीमती डॉक्टर नीतू डेका, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती नेहा गुप्ता, श्रीमती पुनीता कश्यप दीदी एवं संस्था के प्राचार्य चिंतामणि कौशिक मंच पर उपस्थित थे।

संस्था के प्राचार्य चिंतामणि कौशिक ने सप्तशक्ति संगम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में मातृशक्ति को पञ्च परिवर्तन की जानकारी देना जिसमें कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी का भाव, एवं सामाजिक समरसता द्वारा राष्ट्र का नवनिर्माण करना है। गायत्री मंदिर के पुनीता दीदी ने भगवत गीता में वर्णित नारियों की सप्त शक्तियों का स्मरण करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉक्टर नीतू डेका ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में यह अभियान मातृशक्ति को जागृत कर समाज में संस्कार आत्मबल और स्वाभिमान की भावनाओं को सशक्त कर रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिभावक श्रीमती नेहा गुप्ता ने बच्चों के पालन पोषण में मां की अहम भूमिका से परिचित कराया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सोनी विकास झा ने कुटुंब व्यवस्था को भारतीय जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती हेमलता शर्मा द्वारा प्रश्नोत्तरी एवं राष्ट्रभक्ति गीत का आयोजन किया गया जिसमें स्थान प्राप्त महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक अभिभाविकाओं ने उपस्थित होकर अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की। इस पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती संगीता वर्मा ने किया। अंत में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य दीपचंद जँघेला द्वारा आभार ज्ञापित कर शांति मंत्र से कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शांति कुमार राठौर, सप्तशक्ति संगम के मुख्य वक्ता श्रीमती अंजना पाराशर, श्रीमती काकोली चौधरी, श्रीमती तनु मुखर्जी, श्रीमती संगीता दुबे, श्रीमती भोगवती राजन, श्रीमती भूमोती जांघेला, श्रीमती सुधा चौबे, श्रीमती सीमा दीवान, श्रीमती खगेश्वरी चंद्रा एवं समस्त आचार्य परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व अन्य।

# संभागीय क्रिकेट में सिद्धार्थ का दमदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर कटघोरा के युवा क्रिकेटर सिद्धार्थ दुबे का नाम इन दिनों सुर्खियों में है। हाल ही में आयोजित संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सिद्धार्थ ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। न केवल बल्लेबाजी में बल्कि गेंदबाजी और फील्डिंग के विभागों में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उनकी टीम को महत्वपूर्ण जीत हासिल हुई। सिद्धार्थ दुबे कटघोरा के प्रतिष्ठित नागरिक और स्थानीय भाजपा नेता मनोज दुबे के पुत्र हैं। उनके क्रिकेट करियर की नींव को मजबूत बनाने में कोच विशाल दुबे की भूमिका रही है। विशाल दुबे ने लंबे समय से छत्तीसगढ़ में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने का काम किया है, और सिद्धार्थ उनके मार्गदर्शन में लगातार अपने खेल को बेहतर कर रहे हैं। हाल ही में संपन्न 25वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता (क्रिकेट) में सिद्धार्थ दुबे ने बिलासपुर संभाग की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उनके योगदान के चलते बिलासपुर टीम ने इस प्रतियोगिता में विजय पताका फहराई और पूरे टूर्नामेंट में अविजित रही। सिद्धार्थ के दमदार प्रदर्शन ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जिले में कोयला खदानों और बांगो बांध से विस्थापन का दर्द और भविष्य का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में लगातार कोयला खदानों का विस्तार, हसदेव जंगल की कटाई और बांगो बांध में हुए विस्थापितों का दर्द और विस्थापितों के अधिकारों पर हो रहे हमले भविष्य के लिए एक गंभीर चिंता को दर्शाता है, जिसके केंद्र में विस्थापन, आजीविका और आने वाले सालों में गहराता संकट है।

प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने 5वीं अनुसूची ग्राम सभा के अधिकारों का पालन, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के प्रावधानों को लागू करने और पूर्व में अधिग्रहित भूमि का वर्तमान बाजार दर पर मुआवजा देने की मांग उठाई। कृषि भूमि का विनाश और खाद्य संकटः दशकों से हो रहे खनन ने हमारी बहुमूल्य कृषि भूमि को उजाड़ दिया है। एक तरफ एसईसीएल विस्थापन के नाम पर लोगों की जीवनरेखा छीन रहा है, वहीं दूसरी तरफ हसदेव जैसे जीवनदायनी जंगल का विनाश के कारण पर्यावरण और जल संकट उत्पन्न हो रहा हैं जिसके कारण बचा-खुचा कृषि भी प्रभावित हो रहा है। अगर यही हाल रहा, तो आने वाली पीढ़ी के लिए जीवन-यापन और खाद्य सुरक्षा पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह बन जाएगी। भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 101 में यह स्पष्ट नियम है कि भू-अर्जन के मामले में 5 सालों तक अर्जित भूमि अनुपयोजित होने पर मुल किसानों को उनकी जमीन को वापस कर दिया जाएगा अथवा आवश्यक होने पर पुनः अर्जन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## त्रिलोकी पब्लिक स्कूल में दिवाली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

त्रिलोकी पब्लिक स्कूल ब्लॉक ए कटघोरा के विद्यालय प्रांगण में दीवाली कार्निवल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा और कल्पनाशक्ति का सुंदर प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में सजे हुए दीये, तोरण, वॉल हैंगिंग, शुभ-लाभ पेंटिंग्स सहित अनेक आकर्षक वस्तुएँ तैयार कीं। इन वस्तुओं की बिक्री से प्राप्त राशि एसजेआर चैरिटी को दान की जाएगी ताकि जरूरतमंद परिवार भी दीपावली का आनंद प्रेमपूर्वक मना सकें। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल के निर्देशन में तथा प्रधानाचार्या सुश्री दीपा चौहान की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रधानाचार्या सुश्री दीपा चौहान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सहयोग भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। इस कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की। पूरे विद्यालय परिसर को रंगोलियों और दीपों से सजाया गया, जिससे वातावरण उल्लास और प्रकाश से भर उठा। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों के सहयोग से किया गया।



## शपथ पत्र

मैं नारायण अग्रवाल (पार्टनर शौर्य पॉलिमर्स) पिता रामनिवास अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ0ग0 का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं।

01. यह कि, ग्राम कुटेलामुड़ा तहसील पाली जिला कोरबा छ0ग0 में शौर्य पॉलिमर्स फर्म के नाम से संचालित है जिसका मैं पार्टनर हूँ।

02. यह कि, हमारे उक्त फर्म में दिनांक 05.02.2020 को अर्चना अग्रवाल पति नारायण अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ0ग0 पार्टनर के रूप में शामिल हुई है तथा उसी दिनांक 05.02.2020 को मोनिका अग्रवाल पति अंकित अग्रवाल निवासी दीपका तहसील दीपका जिला कोरबा छ0ग0 उक्त फर्म को छोड़ी हैं।

03. यह कि पार्टनर अर्चना अग्रवाल उक्त फर्म में शामिल होकर उक्त फर्म में कार्य कर रही है।

04. यह कि, यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया जा रहा है जिसे संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**नारायण अग्रवाल**

## शपथ पत्र

मैं नारायण अग्रवाल (पार्टनर शौर्य पॉलिमर्स) पिता रामनिवास अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ0ग0 का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं।

01. यह कि, ग्राम कुटेलामुड़ा तहसील पाली जिला कोरबा छ0ग0 में शौर्य पॉलिमर्स फर्म के नाम से संचालित है जिसका मैं पार्टनर हूँ।

02. यह कि, हमारे उक्त फर्म में दिनांक 01.04.2023 को अतुल अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल निवासी दीपका तहसील दीपका जिला कोरबा छ0ग0 एवं सरिता अग्रवाल पति अशोक अग्रवाल निवासी दीपका जिला कोरबा छ0ग0, मोनिका अग्रवाल पति अंकित अग्रवाल निवासी दीपका तहसील दीपका जिला कोरबा छ0ग0 पार्टनर के रूप में शामिल हुये है।

03. यह कि, यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया जा रहा है जिसे संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**नारायण अग्रवाल**



## खबर संक्षेप



### निःशुल्क दंत एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**कोरबा।** एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा में विद्यालय प्रबंधन समिति के स्व डायरेक्टर स्व.नितेश कुमार अग्रवाल के पुण्यतिथि पर लायंस क्लब गुरूकुल एवं नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में बच्चो एवं ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क दंत एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डा.विकेश मित्तल दंत रोग विशेषज्ञ-मित्तल डेंटल केयर एवं डॉ इंद्रासन चंदन (नेत्र रोग विशेषज्ञ) सहित अन्य टेक्नीशियन उपस्थित थे। क्लब के सदस्य, शिक्षक बच्चों एवं चिकित्सकों ने स्व.नितेश कुमार अग्रवाल के फोटो में माल्यार्पण कर दीपप्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य बीआर रात्रे के द्वारा स्व.नितेश अग्रवाल के जीवन से संबंधित कुछ यादगार पलों एवं प्रेरणाप्रद विषयों की जानकारी दी। चिकित्सक एवं उनकी टीम के द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों एवं उपस्थित ग्रामवासियों के दंत एवं नेत्र की जांच की गई। उक्त शिविर में लगभग 437 लोग लाभान्वित हुए। सभी चिकित्सकों और सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उक्त शिविर में क्लब मार्गदर्शक एवं विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डा.राजकुमार अग्रवाल, क्लब सचिव लायन दर्शन अग्रवाल, लायन सुभाषचंद अनंत, लायन मनोज गुप्ता, लायन नूतन राजवाड़े, लायन पार्वती दास सहित अन्य लायन सदस्य भी उपस्थित थे।

### अभिभावक बच्चों के पठन-पाठन में करें सहयोग : प्रेमचंद



**हरदीबाजार।** ग्राम उतरदा के शासकीय माध्यमिक शाला बालक/कन्या विद्यालय में मेगा पीटीएम में पालकों की उपस्थिति एवं छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शुक्रवार को द्वितीय मेगा पालक शिक्षक सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल उपस्थित रहे। मेगा सम्मेलन में उपस्थित पालकों को विद्यालय द्वारा उनके बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गयी। पालकों को अपने बच्चों का शैक्षिक स्तर की जानकारी हुई। विधायक श्री पटेल द्वारा पालकों को बच्चों के अध्ययन मे सहयोग करने एवं शिक्षा के क्षेत्र मे शासन की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही गयी। प्रधानपाठक श्री नेटी के द्वारा शाला का प्रतिवेदन रखा गया एवं मांग स्वरूप बालक कन्या हेतु पृथक शौचालय, सर्वसुविधायुक्त नवीन कन्या मा शा भवन, सायकल स्टैंड एवं ऑडिटोरियम भवन की मांग रखी गयी। जिसे उपस्थित मुख्यअतिथियों द्वारा पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएन साहू, श्री सिंगौर, प्राचार्य जीपी लहरे, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला श्री कँवर, सुन्दर मरावी, संतोष मरावी, समोस सागर, मन्नू सांई राठौर, मुकेश बर्मन, तामेश्वर टेकाम, इन्द्रसेन यादव, विनोद डहरिया एवं उत्तर खुसरो, अरविंद पैगोर, श्री कुर्रे, श्रीमति चाँदनी सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सर्वधर्म भजन संध्या का हुआ आयोजन



**ढेलवाडीह।** स्वतंत्रता सेनावी व महापुरष गांधी, पटेल,भगत सिंह, अंबेतकर,लाल बहादुर शास्त्री,चंद्र शेखर आजाद, स्वामी विवेक नंदन, जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, महाराणा प्रताप, शिवाजी, बिरसामुंडा एवम प्रथम शिक्षिका सावित्री फूले, समाज सेविका, मदर टेरेसा, महान वैज्ञानिक अब्दुल कलाम को पुनः स्तुति करने माल्यार्पण, एवं पुष्प अर्पण करने हेतु जागृति क्लब में आयोजित की गई। तैल चित्रों पर द्वीप प्रज्वलित कर श्रद्धा पूर्वक नमन किया गया। उसके बाद सर्वधर्म भजन संध्या का आयोजन प्रारम्भ हुवा भजन में सभी समप्रदा एवं पंथ के भारी संख्या महिला,पुरुष,बच्चे शामिल हुवे सभी धर्म के मंडली भजन, प्रार्थना प्रस्तुत किया गया। महिला मंडल की श्रीमती गीतांजलि, ज्योति दीवान, एवं सतनाम, सूर्यवंशी समाज की अध्यक्ष सावित्री हंस, संगीता सूर्यवंशी पुष्प अर्पण किया गया। नगर पालिका कटघोरा के अध्यक्ष राज जयसवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एके राय उपक्षेरीय प्रबंधक बिजेकर खान प्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी बंजारे, सुबोध तिवारी, अजय शर्मा, दिनेश आदित्य, बोधि निषाद, तानेश दीप,धनेश देवांगन, मुनि बाबू, सरदार बलबीर सिंह,भगवंत सिंह, मसीह समाज से जोशी बेबी, क्लविंद मसीह, संतोष मसीह, मुस्लिम समाज से अशरफ भाई जान, नसीम अहमद, फिरोज खान, कबीर पंथ से पोषक दास महंत सूरज गुप्ता, प्रेम दास महंत, प्रीति महंत, जलवती महंत, सतनाम/सुरवंशी समाज से रवि खुंटे,प्यारे बंजारे, डहरिया, शिवानी उपस्थित रहे।

### शहर के इंदिरा स्टेडियम में पटाखे का जमकर हो रहा है कारोबार

# स्काई शॉट से बिखरेगी छटा, आकाश में होगी आतिशबाजी



इंदिरा स्टेडियम स्थित पटाखा दुकान में खरीदारी करते ग्राहक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपोत्सव के लिए शहर का बाजार सजकर पूरी तरह से तैयार हो चुका है। साथ ही शहर के सबसे बड़े इंदिरा स्टेडियम में पटाखे का भी बाजार सज चुका है। जहां बंपर खरीदारी शुरू हो चुकी है। इस बार फैंसी व आकर्षक पटाखे की रेंज आई है जिसमें आतिशबाजी जोरदार होगी। बताया जाता है कि इस बार के आतिशबाजी में स्काई शॉट सीधे आसमान पर चलेगी और आसमान पर ही चकरी घूमेगी। इसके अलावा धरती पर घूमता हुआ चकरी चलेगा और सीधे आकाश में अनार अपनी छटा बिखेरेगी। इसके अलावा रंग-बिरंगे इको फ्रेंडली भी पटाखे मार्केट में आए हैं जो लोगों को जमकर रास आ रहे हैं।

**खास बात**

- नए नए आकर्षक व इको फ्रेंडली पटाखों की डिमांड

उल्लेखनीय है कि शहर के इंदिरा स्टेडियम में पटाखे की बाजार सज चुकी है। इस बार लगभग 140 पटाखे की बाजार सज चुकी है। जहां धनतेरस के दिन जमकर लोगों ने पटाखे की खरीदारी की और पटाखे की बंपर खरीदी को देखते हुए पटाखे व्यापारियों के चेहरे की चमक साफ देखी जा सकती है। पटाखा संगठन के अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार आकर्षक पटाखे की बौछार लगी हुई है। जिसमें तरह-तरह के पटाखे बाजार में बिक रहे हैं जिसमें सबसे ज्यादा पटाखे के डिमांड स्काई शॉट है जो सीधे आसमान पर पटाखे की छटा बिखरेगी जो आसमान में ही सीधे चकरी चलेगा उसके अलावा धरती पर जो चकरी चलती है वह अंतिम में सीधे अनार के दाने की बौछार निकलेगी। इसके अलावा ताल फटाका ने फिर से वापसी की है। इसके साथ ही पॉपअप फटाका और बटरफ्लाई सहित अन्य फैंसी आकर्षक पटाखे की डिमांड सबसे ज्यादा है। बच्चों को आकर्षक फैंसी पटाखे जमकर रास आ रहे हैं। लगातार जिस तरह से पटाखे की बिक्री हो रही है इससे ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि शहर में ही इंदिरा स्टेडियम में लगभग तीन दिनों में सवा करोड़ के पटाखा के कारोबार होने की संभावना है। धनतेरस को लगभग 20 से 25 करोड रुपए के पटाखे का कारोबार हुआ है। बचे दो दिनों में लगभग सवा सौ करोड रुपए का पटाखे का कारोबार होगा जिससे ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि लगातार पटाखों की बिक्री को देखते हुए पटाखा व्यापारी गदगद नजर आ रहे हैं।

**आर्टिफिशियल दीया खरीदने से पीछे हट रहे लोग**

बाजार में आर्टिफिशियल दीया भी उपलब्ध है लेकिन इस बार यह लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। ज्यादातर लोग दीपावली के लिए देशी दीया ही कुम्हारों से खरीद रहे हैं। इससे दिवाली में कुम्हारों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है। सीतामणी में रहने वाले एक कुम्हार परिवार ने बताया कि उनकी ओर से अलग-अलग स्थानों पर दीये की दुकान लगाई गई है। इसके अलावा छोटे-छोटे कारोबारी भी दीया खरीदकर ले गए हैं जो अपनी सुविधा और अपने भाव पर बाजार में बेच रहे हैं। सीतामणी में बने दीये करतला, बरपाली और कटघोरा क्षेत्र में भी बिक रहे हैं।

**रंग-बिरंगी लाइटों से सजा बाजार**

दीपावली में रंगी-बिरंगी लाइटें भी लोगों की पसंद रहती है। इसे देखते हुए बाजार सज-धजकर तैयार है। देशी ही नहीं विदेशी चाइनीज लाइटें भी बाजार में लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। ये लाइटें अपनी चमक से ग्राहकों को रिझा रही है। इनके दाम में भी पिछले साल की तुलना में 5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है। इसके पीछे बड़ा कारण आयात को लेकर नियम-कायदे बताए जा रहे हैं। हालांकि इस साल बाजार में विदेशी के अलावा रंग-बिरंगी देशी लाइटों की भी भरमार है। कोरबा की दुकानों में लोग विदेशी लाइटों को कम और देशी लाइटों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

## पसान व एतमानगर रेंज में हाथियों ने किसानों की रौंदी फसल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पसान व एतमानगर रेंज में विचरण कर रहे हाथियों के झुण्ड ने बीती रात उत्पात मचाते हुए एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंद दिया। बताया जा रहा है कि 26 हाथियों का झुण्ड एक दिन पहले तक केंदई रेंज के चोटिया क्षेत्र में विचरण कर रहा था। हाथियों के इस झुण्ड ने आगे का रूख किया और जंगल होते हुए एतमानगर रेंज की सीमा में प्रवेश किया और मड़ई के पास पहुंचने के साथ ही जंगल में डेरा डाल दिया। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में आने की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। मड़ई व आसपास के गांव में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। 12 हाथियों का झुण्ड अभी भी बनिया गांव में है। हाथियों के इस झुण्ड ने बीती रात उत्पात मचाते हुए 12 ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंदने के साथ मटियामेट कर दिया।

### स्कार्पियो ने एक कार को मारी ठोकर, दो घायल

**कोरबा।** बलगी क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने एक कार को टक्कर मार दिया। घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसमें बैठे लोगों को भी आंशिक चोटें आई। बताया जाता है कि डंगनियाखार में रहने वाले कंवर परिवार के सदस्य एक छट्ठी के कार्यक्रम में शामिल होने गेवरा बस्ती गए थे। परिवार के सदस्य आधी रात घर लौट रहे थे। शांतिनगर बलगी के करीब पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने कार को टक्कर मार दिया। कार में सवार दो लोग घायल हो गए। घायल लोगों की ओर से घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। अपराध दर्ज कर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## ठेका मजदूरों को बोनस देने के बजाय मिल रहा आश्वासन, इंटक ने आंदोलन की दी चेतावनी



ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माईनिंग एवं नॉन माईनिंग के अंतर्गत कार्यरत सभी ठेका कर्मियों को सलाना बोनस एवं शासन द्वारा निर्धारित एचपीसी एवं मिनीमन वेजेस को प्रदान कराने का प्रावधान है। बावजूद इसके ठेका कंपनियां मजदूरों को बोनस देने एक बजाय केवल आश्वासन दे रही है। ऐसे में साउथ ईस्टर्न कोयला ठेका मजदूर संघ (इंटक) ने मोर्चा खोलते हुए शनिवार को कुसमुंडा जीएम कार्यालय के समाने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा साथ ही जल्द से जल्द बोनस देने की मांग की है अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दो है। उनका कहना है कि कुसमुण्डा खदान में ठेका कर्मियों को कई समस्याओं का सामना करना पड रहा है एवं ठेकेदारों के द्वारा निरंतर उनका शोषण किया जा रहा है जैसे कई ठेकेदारों के द्वारा सलाना बोनस नही दिया जा रहा है केवल अश्वासन दिया जा रहा है, कई ठेकेदारों के द्वारा शासन द्वारा निर्धारित एचपीसी व मिनीमम वेजेस प्रदान नहीं किया जा रहा है, कई ठेकेदारों के द्वारा PF कटौती नही किया जा रहा है, कई ठेकेदारों के द्वारा एचपीसी व मिनीमम वेजेस के आधार पर तो वेतन दे रहे है लेकिन खाते में वेतन आने के बाद आधे राशि को मांग लिया जाता है नहीं देने पर नौकरी से निकालने कि धमकी दी जाती है, कई ठेकेदारों के द्वारा सेफ्टी उपकरण भी नही दिया जा रहा है, माईन रुल 1955 के अनुशार रुल 78 के तहत सभी ठेका कर्मीयों कि हाजरी एसईसीएल के द्वारा तय एमटीके में लिया जाये जैसी मांग शामिल है। इंटक ने चेतावनी दी है कि 15 दिवस के भीतर उक्त समस्याओं का निराकरण करें अन्यथा संगठन व सभी विभागों के ठेका कर्मियों के साथ मिलकर 30 अक्टूबर से अनिश्चितकालिन हड़ताल करने हेतु विवश होंगे।

## एक्सिस और स्टेट बैंक से सहकारी बैंक का अनुबंध किसान इनके एटीएम से निकाल सकेंगे पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक्सिस और स्टेट बैंक से सहकारी बैंक का अनुबंध होने से किसानों को धान खरीदी के दौरान इन दोनों बैंकों के एटीएम से भुगतान का पैसा निकालने की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा बीते वर्ष से सहकारी समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा किसानों को दी गई थी। इससे भी किसानों को 10 हजार रुपए तत्काल मिल जाती है। धान खरीदी का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने के कारण लगातार दो वर्ष से धान बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़ रही है। जिससे सहकारी बैंकों के शाखा में भुगतान के लिए दबाव भी बढ़ता जा रहा है। बैंकों में भुगतान के लिए किसानों की लंबी लाईन और विरोध को देखते हुए एटीएम सुविधा लागू की गई है। इसके तहत सहकारी बैंकों के एक्सिस और स्टेट बैंक से अनुबंध किया गया है। इन दोनों बैंकों के एटीएम जहां भी होंगे किसान अपने एटीएम का उपयोग कर इनसे राशि निकाल सकेंगे। इसके अलावा पिछले वर्ष से किसानों को सहकारी समिति में ही माइक्रो एटीएम की सुविधा दिए जाने के बाद उन्हें 10 हजार रुपए की राशि धान खरीदी के तत्काल बाद मिल जा रही है। साथ ही समितियों में च्वाईस सेंटर शुरु होने से नगद राशि की हस्तांरण की भी सुविधा मिली है। इस सुविधा से किसानों को कुछ हद तक तो राहत मिल गई लेकिन बैंकों में भुगतान के लिए लंबी लाइन लगे होने के कारण राशि लिमिट किया जाना बताया जा रहा है।

**खास बातें**

- समितियों में बीते वर्ष दिया गया है माइक्रो एटीएम जिससे निकलता है 10 हजार रुपए
- धान खरीदी के लिए किसानों को राहत देने के लिए चल रही है योजना



**बैंक की शाखा नहीं बढ़ने से झेल रहे परेशानी**

जिले में जिला सहकारी बैंक की 8 शाखा संचालित हैं जिनमें दो शाखा डिपॉजिट शाखा है। इनमें बालको और एनटीपीसी शाखा शामिल हैं। इसके अलावा 6 शाखा से भुगतान होता है। इनमें सबसे बड़ी शाखा बरपाली शाखा है। इन दोनों शाखा से खरीदी के दौरान प्रतिदिन 1 से डेढ़ करोड़ की खपत नगद राशि की रहती है जो उन्हें चेस्ट बैंक से मांग के अनुसार नहीं मिलती। करतला विकासखंड जिले के सबसे बड़ा धान उत्पादक क्षेत्र होने के कारण यहां बैंक की नई शाखा खोलने का प्रावधान था। कांग्रेस शासनकाल के दौरान इसकी घोषणा भी की गई थी जो आज तक पूरी नहीं हो सकी और करतला क्षेत्र के किसानों को भुगतान के लिए बरपाली शाखा आना पड़ता है।

**पोड़ी उपरोड़ा ब्रांच में है एटीएम की सुविधा**

जिले के पोड़ी उपरोड़ा सहकारी बैंक शाखा में एटीएम की सुविधा दी गई है। जबकि अन्य ब्रांचों में नहीं है। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक जिले का सबसे बड़ा ब्लॉक है और यहां किसानों की संख्या भी बढ़ी है। सहकारी बैंक की शाखा केवल ब्लॉक मुख्यालय में ही चल रही है। जिससे लगभग सौ पंचायतें इस बैंक के उपर निर्भर हैं। हालांकि ब्लॉक में ग्रामीण बैंक की भी शाखा संचालित हैं। किंतु एटीएम की सुविधा सहकारी बैंक की शाखा में होने से क्षेत्र के किसानों को एक बड़ी सुविधा जरुर मिल गई है।

## त्योहारों की रौनक न बिगड़े शहर की व्यवस्था प्रशासन ने संभाली बाजार की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली और अन्य त्योहारी आयोजनों के मद्देनज़र शहर की व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कोरबा नगर निगम प्रशासन, पुलिस विभाग और यातायात टीम संयुक्त रूप से लगातार बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही है। मुख्य बाजारों में भीड़-भाड़ बढ़ने के चलते टीम ने व्यापारियों को दुकान के बाहर सड़क पर सामान न रखने की सख्त हिदायत दी है।

निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कुछ व्यापारियों द्वारा दुकान की सीमा से बाहर तक सामान रखे जाने की शिकायतें मिली थीं। ऐसे मामलों में संबंधित व्यापारियों को समझाइश देकर सामान हटवाया गया, जबकि कुछ पर कार्रवाई भी की गई है। उन्होंने कहा कि दिवाली पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पार्किंग की व्यवस्था निश्चित की गई है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री आयुक्त ने यह भी बताया कि फूल-माला, पूजन सामग्री एवं अन्य त्योहारी सामान बेचने वालों के लिए निर्धारित स्थान तय किए गए हैं, जहां वे अपना व्यापार संचालित कर सकेंगे। निगम की टीम नियमित रूप से यह सुनिश्चित करेगी कि व्यापारी अपने सामान को निर्धारित स्थल पर ही बेचें जिससे बाजारों में अव्यवस्था की स्थिति न बने। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि खरीदारी करते समय अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें, ताकि यातायात प्रभावित न हो और आमजन त्योहारी उमंग का आनंद बिना किसी परेशानी के उठा सकें। त्योहारों के अवसर पर नगर निगम प्रशासन ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही है ताकि कोरबा शहर का माहौल उत्सवपूर्ण और व्यवस्थित बना रहे।



निरीक्षण करते अधिकारी।

## सूर्यघर योजना से पर्यावरण संरक्षण की गारंटी और आत्मनिर्भर का सपना हो रहा साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जब भारत आत्मनिर्भरता के मार्ग पर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है, तब ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति का नाम बन चुकी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने देश के हर घर को नई दिशा और नई पहचान दी है। पहले जहां सूरज केवल प्रकाश का स्रोत माना जाता था, आज वही सूरज लोगों की जीवनशैली, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण चेतना का हिस्सा बन गया है। योजना ने साबित कर दिया है कि ऊर्जा की असली शक्ति केवल बड़ी परियोजनाओं में नहीं, बल्कि हर नागरिक की छत पर बसने वाले सूर्यघर में छिपी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य देश के हर घर को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाना है। केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी, पारदर्शी आवेदन प्रक्रिया और सरल तकनीकी व्यवस्था ने इसे आम नागरिकों के लिए सहज बना दिया है। यह योजना केवल बिजली बचत तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सशक्त अभियान है। इससे हर साल हजारों टन कार्बन उत्सर्जन में कमी हो रही है, जो जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करने में योगदान दे रही है।

### आयुष विभाग ने दिया जन सेवा का संदेश

कोरबा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संतोष शर्मा के निर्देशानुसार आयुष विभाग के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले एडीआर भवन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विशेष स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य व न्यायिक जागरूकता का अनुठा संगम बी.पी, शुगर, गठियाबात, बवासीर जैसे गंभीर बिमारियों का निःशुल्क परीक्षण व परामर्श आयोजित किया गया। विशेष स्वास्थ्य शिविर ने जिले में जनसेवा की मिशाल कायम की कार्यक्रम में नागरिकों, अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करायी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411